2021

HINDI

(Honours Course)

Paper : HIN–HC–4026

(हिन्दी कथा साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) हिन्दी का पहला मौलिक उपन्यास कौन-सा है?

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष लिखिए।

(ग) बंटी के पिता अजय कौन-से शहर में रहते थे?

(घ) जबरा कौन है?

(ङ) 'सिक्का बदल गया' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(च) 'पिता' कहानी के रचयिता का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'त्यागपत्र' किस शैली में लिखा गया है?

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास की प्रधान समस्या क्या है?

(ग) सूबेदारनी ने लहना सिंह से क्या बोला था और उसने सूबेदारनी की बात किस तरह रखी?

(घ) हल्कू खेत के चौपट होने एवं जानवरों द्वारा चर जाने पर क्यों प्रसन्न है? क्या उसकी प्रसन्नता में वास्तविकता थी?

(ङ) कहानीकार मोहन राकेश की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) कहानी के कितने तत्त्व होते हैं? उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) बंटी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) ''अंधकार के उस अनन्त सागर में यह प्रकाश के एक नौका के समान हिलता-मचलता हुआ जान पड़ता था।'' —आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'आकाशदीप' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) ''मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धांत आए। मैंने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करुणा ही होनी चाहिए। रोष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध वृत्ति को जीता जा सकता है।'' व्याख्या कीजिए।

(च) 'सिक्का बदल गया' कहानी में देश विभाजन की त्रासदी पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) उपन्यास और कहानी को परिभाषित करते हुए दोनों में अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास के आधार पर जैनेन्द्र की नारी दृष्टि की समीक्षा कीजिए।

(ग) उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'आपका बंटी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'हार की जीत' कहानी का सारांश लिखिए।

(ङ) मिस पाल का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) 'पाजेब' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए।

★ ★ ★